आरोप | एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य, पति, सास और ससुर से पुलिस की पूछताछ जारी

नवविवाहिता ने लगाई फांसी, प्रताड़ना के आरोप

डिंडौरी, नवभारत 28 जुलाई। नगर के वार्ड क्रमांक-5 में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत का मामला सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महज दो माह पूर्व विवाह बंधन में बंधी युवती की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, युवती का विवाह लगभग दो माह पहले हुआ था। सोमवार को वह अपने घर में फंदे पर लटकी मिली। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि विवाह के बाद से ही उनकी बेटी को पति, सास और ससुर द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उनका आरोप है कि लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर युवती ने आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का वैज्ञानिक आधार पर पता लगाया जा सके।

जांच अभी प्रारंभिक चरण में है

पुलिस का कहना है कि अभी जांच प्रारंभिक चरण में है। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक विवाद, प्रताड़ना अथवा अन्य किसी कारण की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। मामले की निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही : द्विवेदी

एसडीओपी सतीश द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है। मृतका के मायके पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को भी गंभीरता से लिया गया है। इसी क्रम में पति, सास और ससुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल रिपोर्ट तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा वार्ड क्रमांक 10

सड़कों की हालत जर्जर
स्ट्रीट लाईट नहीं होने से राहगीर हो रहे परेशान

मानपुर नवभारत 28 जुलाई। नगर परिषद अन्तर्गत वार्ड नंबर 10 विकास से कोसो दूर है। आज तक यहां कोई रोड नही बनी और न ही स्ट्रीट लाइट लगी।

वार्ड क्रमांक 10 में राकेश बैगा के घर से लेकर भैया लाल साहू के घर तक जाने का रास्ते, जिसमें कम से कम 500 लोग आते जाते हैं, की शिकायत लगभग 3 वर्षो से की जा रही है, लेकिन अधिकारी आते हैं देख कर चले जाते हैं और दोबारा यहां नहीं आते। अधिकारियों की लापरवाही के कारण यहां के नागरिक विकास से वंचित है।

स्कूली बच्चों को होती है समस्या

बताया गया कि वार्ड क्रमांक 10 के बरुहा नाला में पूर्व सीएमओ राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा द्वारा दो ट्रॉली डस्ट डलवा कर खानापूर्ति कर ली गई थी, जबकि घनी आबादी वाली बस्ती होने के कारण इतना कीचड़ होता है कि वहां से स्कूली बच्चों को आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। और तो और दो पहिया वाहन चालक कई बार दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके है।

वार्ड में नहीं है स्ट्रीट लाईट

वार्ड क्रमांक 10 के ग्रामीणों ने मांग की है कि हमारे वार्ड में भी स्ट्रीट लाइट लगाई जाए, जिससे रात में

लोगों को आवागमन करने में किसी तरह से परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। कुछ जगह लाइट लगी भी है तो वह भी जलती ही नहीं है। एक तरफ बरसात का मौसम भी है और जंगली जानवरों का भय भी बना रहता है।

महाविद्यालयों के लिए बस सुविधा की मांग

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत उमरिया 28 जुलाई। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के जिला अध्यक्ष मो. असलम शेर के द्वारा जिले के शासकीय महाविद्यालयों में व्याप्त शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग महाविद्यालयों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने की रखी गई। ज्ञापन में कहा गया कि उमरिया जिला मुख्यालय से लगभग 6-7 किलोमीटर दूर संचालित आदर्श महाविद्यालय तक आने-जाने के लिए छात्रों, विशेषकर छात्राओं को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। परिवहन सुविधा के अभाव में कई विद्यार्थी नियमित रूप से आदर्श महाविद्यालय नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी पढ़ाई और परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहे हैं। ह

शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए : असलम-मो. असलम शेर ने कहा कि शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब विद्यार्थियों को महाविद्यालय तक सुरक्षित और सुगम परिवहन उपलब्ध हो। उन्होंने प्रशासन से बस सुविधा सहित रिक्त प्राध्यापकों की नियुक्ति, नियमित कक्षाओं का संचालन, पुस्तकालय एवं आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।

छात्रों को मिली वन्यजीव संरक्षण की जानकारी

चिल्हारी नवभारत। विश्व बाघ दिवस-2026 के तहत जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला मे सातवें दिन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, दुब्बार मे वन्यजीव संरक्षण प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आधुनिक उपकरणों के माध्यम से वन्यजीव प्रबंधन की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। प्रदर्शनी मे रेस्क्यू अभियान, वन्यजीवों के उपचार, मॉनिटरिंग और बाघ गणना जैसी गतिविधियों की जानकारी स्लाइड्स, वीडियो और लघु फिल्मों के जरिये दी गई। साथ ही उपकरणों का प्रदर्शन कर उनके उपयोग की भी जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए।

अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप

जनसुनवाई में 49 आवेदनों पर सुनवाई, समय-सीमा में निराकरण के निर्देश

डिंडौरी, नवभारत 28 जुलाई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित 49 आवेदन प्रस्तुत किए।

जनसुनवाई में एकीकृत माध्यमिक शाला धमनी में अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने भर्ती की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की। इस पर सीईओ जिला पंचायत ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

लंबित मानदेय दिलाने की मांग-कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिंडौरी में कार्यरत रसोइया मंजूलता, सिया बाई एवं दुर्गी बाई बर्मन ने जनवरी से मई 2026 तक का लंबित मानदेय दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि भुगतान नहीं होने से आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर संबंधित विभाग को प्रकरण का परीक्षण कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आंगनबाड़ी में मूलभूत सुविधाएं नहीं-ग्राम मूसामुण्डी के ग्रामीणों ने आवेदन देकर बताया कि गांव के आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्र भवनविहीन हैं और कच्चे भवनों में संचालित हो रहे हैं, जहां पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीणों ने नए भवन स्वीकृत कराने की मांग की। अधिकारियों को मामले का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

यात्री प्रतीक्षालय को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग-इसी प्रकार ग्राम पंचायत मानिकपुर के सरपंच ने सामुदायिक शौचालय के सामने बने टीनशेड यात्री प्रतीक्षालय को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कराने का आवेदन दिया। वहीं ग्राम मैनपुरी नीचे टोला के ग्रामीणों ने 13 जुलाई से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की। इस पर कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग को तत्काल कार्रवाई कर बिजली व्यवस्था सुचारु करने के निर्देश दिए गए।

छपड़ौर में गुरुपूर्णिमा महोत्सव आज

श्रद्धालुओं के लिए की गई पूजन व भंडारे की व्यवस्था

चिल्हारी नवभारत 28 जुलाई। श्री 1008 संतशरण महाराज की पावन तपस्थली छपड़ौर में बुधवार को गुरुपूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। आश्रम परिवार द्वारा महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जानकारी के अनुसार, प्रात: 9 बजे से श्री गुरुदेव भगवान के पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जो पूरे दिन सायं 5 बजे तक अनवरत रूप से चलता रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छपड़ौर आश्रम कमेटी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। भंडारा प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होकर देर शाम तक लगातार चलेगा। विशेष बात यह है कि पिछले लगभग 10 वर्षों के बाद ऐसा अवसर आया है जब महाराज गुरुपूर्णिमा के अवसर पर छपड़ौर में विराजमान रहेंगे। इसी कारण श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और दूर-दूर से बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए आश्रम परिवार एवं समिति द्वारा विशेष प्रबंधन किए गए हैं।

नशे की शव यात्रा से दिया नशामुक्त समाज का संदेश

'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत प्रतीकात्मक दहन कर दिलाई शपथ

डिंडौरी, नवभारत 28 जुलाई। जिले में चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'नशे की शव यात्रा' निकाली गई।

कार्यक्रम कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाकर किया। इसके बाद उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैंड-बाजों, नशा मुक्ति से जुड़े प्रेरक नारों और जनजागरूकता संदेशों के साथ निकली प्रतीकात्मक शव यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

कलेक्ट्रेट तिराहे पर हुआ समापन-यात्रा का समापन कलेक्ट्रेट तिराहे पर हुआ, जहां सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों का प्रतीकात्मक दहन कर समाज में नशे के प्रति अस्वीकृति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वयं नशा न करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें-कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशामुक्त जीवन ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना चाहिए।

महाविद्यालय में प्रवेश लेने का अंतिम अवसर

अमरपुर नवभारत। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय अमरपुर के प्राचार्य संदीप सिंह एवं कॉलेज के प्रवेश प्रभारी आशीष कुमार मरावी ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई हैं। अत: विद्यार्थियों को सूचित किया गया हैं कि ऐसे विद्यार्थी जो महाविद्यालयों में प्रवेश लेना चाहते हैं, वह 31 जुलाई तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से फॉर्म भरने के साथ ही कॉलेज अलॉटमेंट के पश्चात फीस ऑनलाइन जमा कर कॉलेज में अपना एडमिशन सुनिश्चित करे, क्योंकि 31 जुलाई के पश्चात सभी कॉलेजों की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह बंद हो जाएगी। ये मूलत: सभी विद्यार्थी के लिए अंतिम अवसर होगा।

बांधवगढ़ में चल रहा दुर्लभ 'पूटू' की तस्करी का खेल

बाहरी तस्कर सक्रिय, ग्रामीणों को लालच देकर करवा रहे अवैध संग्रह

मानपुर नवभारत 28 जुलाई। बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के पनपथा कोर जोन अंतर्गत ग्राम सेजवाही एवं गंगीताल क्षेत्र में इन दिनों दुर्लभ जंगली मशरूम 'पूटू' की अवैध खरीद-फरोख्त और तस्करी का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

आरोप है कि शहडोल और जैसिंहनगर से आए बाहरी तस्कर जंगल से सटे गांवों में डेरा जमाकर ग्रामीणों के संपर्क में हैं तथा उन्हें लालच देकर भारी मात्रा में पूटू एकत्र करा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार तस्कर ग्रामीणों से बेहद कम कीमत पर पूटू खरीदते हैं और बाद में शहरों में कई गुना अधिक दाम पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन शाम के समय लगभग 10 से 15 बोरी पूटू क्षेत्र से बाहर भेजा जा रहा है।

संवेदनशील वन क्षेत्र से निकाल रहे पूटू

ग्रामीणों का कहना है कि जिस क्षेत्र से पूटू निकाला जा रहा है, वह बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का संवेदनशील वन क्षेत्र है, जहां वन्यजीवों के हमले का खतरा बना रहता है। बावजूद कमाई के लालच में लोग जान जोखिम में डालकर जंगलों में प्रवेश कर रहे हैं।

जानकारी के बावजूद नहीं की प्रभावी कार्यवाही

इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने इस मामले की जानकारी कई बार संबंधित रेंजर रमेश पाटले को दी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि सूचना देने के बावजूद तस्करों के खिलाफ कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं वन विभाग से मांग की है कि बाहरी तस्करों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

मेडिकल स्टोर्स की जांच में मिलीं अनियमितताएं

एक दवा दुकान को कराया बंद
नियमों के पालन के दिए निर्देश



डिंडौरी, शहपुरा, नवभारत 28 जुलाई। जिले में औषधियों की गुणवत्ता एवं दवा दुकानों के नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीते सोमवार को मेहंदवानी, कठोतिया एवं किसलपुरी क्षेत्र में संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान राजा मेडिकल स्टोर्स, कुशल मेडिकल स्टोर्स, मनमोहन मेडिकल स्टोर्स, अब्दुल मेडिकल स्टोर्स एवं शिव शक्ति मेडिकल स्टोर्स सहित अन्य दवा दुकानों का औषधि प्रशासन की टीम द्वारा परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ मेडिकल स्टोर्स में एक्सपायरी दवाओं का ट्रेड स्टॉक के साथ पाया जाना, आवश्यक अभिलेखों एवं दस्तावेजों का समुचित संधारण नहीं किया जाना तथा लाइसेंस की शर्तों के विपरीत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति जैसी अनियमितताएं सामने आईं।

फार्मासिस्ट की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए-निरीक्षण दल ने संबंधित संचालकों को नियमानुसार दवा दुकानों का संचालन करने तथा सभी आवश्यक प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए एक मेडिकल स्टोर को फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति के आधार पर तत्काल प्रभाव से तब तक बंद करा दिया गया।

कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा-इसके साथ ही संबंधित दवा दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों ने मेडिकल स्टोर्स संचालकों को चेतावनी देते कहा कि भविष्य में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आमजन को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

खबर का असर | भदार नदी पहुंचे एसडीएम, अधिकारियों ने लिया मौके का जायजा

पुल निर्माण के लिए शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

चिल्हारी नवभारत 28 जुलाई। मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के समीपी ग्राम पड़वार की भदार नदी पर पुल नहीं होने से बरसात के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं, मरीजों एवं आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों को हर वर्ष गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस जनसमस्या को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया।

अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मानपुर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों के साथ भदार नदी का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नदी की स्थिति का अवलोकन किया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना।

बच्चों की पढ़ाई होती है प्रभावित

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में नदी उफान पर होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। कई बार मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को भी जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। वर्षों से पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हो सका है।

स्थायी समाधान की पहल

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कहा कि भदार नदी पर पुल निर्माण की आवश्यकता से शासन एवं संबंधित विभाग को अवगत कराया जाएगा तथा शीघ्र प्रस्ताव भेजकर आवश्यक कार्रवाई के लिए पहल की जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों को इस गंभीर समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

इनकी रही उपस्थिति

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी मानपुर, नायब तहसीलदार, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, हल्का पटवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अवैध खनिज परिवहन करते तीन वाहन जब्त

जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूध्द कार्यवाही

नवभारत उमरिया 28 जुलाई। कलेक्टर राखी सहाय के निर्देशन में जिले मे अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूध्द लगातार कार्यवाही की जा रही है।

जिला खनिज अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी ने बताया कि अवैध खनिज परिवहन करते हुए तीन वाहनों को जब्त किया गया है। गत दिनों तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम रक्शा बिजौरी रोड में एक वाहन स्वराज 834 एक्सएम ट्रैक्टर मय ट्राली के खनिज गिट्टी बिना अभिवहन परिपत्रबिना ईटीपी के अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना मानपुर में अभिरक्षार्थ किया गया। इसी प्रकार ग्राम अमरपुर के पास एक वाहन डम्फर क्रमांक केए 51 एजी 8079 खनिज गिट्टी बिना ईटीपी के अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया गया।

खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज

अवैध उत्खनन व परिवहन को रोकने के क्रम में गत दिनों तहसील बांधवगढ अंतर्गत ग्राम बडेरी में एक ट्रैक्टर मय ट्रॉली के खनिज रेत बिना ईटीपी के अवैध परिवहन करते हुए जब्तकर थाना कोतवाली उमरिया में अभिरक्षार्थ खडा कराया गया। उक्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध प्रावधानों में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।